

हिंदी दैनिक खबर

हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी

**अनमोल वचन**

*जीवन में कभी भी संघर्ष से डरना नहीं चाहिए, क्योंकि संघर्ष ही जीवन का सार है, इसके बिना कोई भी सफलता संभव नहीं है।*

शुक्रवार 10 जुलाई 2026 वर्ष 02 अंक 179 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com


## बिहार की बेटी सेतु मिश्रा ने रचा इतिहास, एशियन अंडर–23 एथलेटिक्स में भारत को दिलाया स्वर्ण



**केशववाणी कुमार अभिषेक की रिपोर्ट पटना(बिहार)।** बिहार की उभरती एथलीट सेतु मिश्रा ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर शानदार प्रदर्शन करते हुए देश का नाम रोशन किया है। चीन में आयोजित एशियन अंडर–23 एथले. टिक्स चौंपियनशिप की 4×400 मीटर मिक्स्ड रिले स्पर्धा में भारतीय टीम ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। रोमांचक फाइनल मुकाबले में भारत ने मेजबान चीन को पछाड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया। भारतीय टीम की इस ऐतिहासिक जीत में बिहार की सेतु मिश्रा की भूमिका बेहद अहम रही। उन्होंने रिले की निर्णायक लेग में शानदार दौड़ लगाते हुए भारतीय टीम को मजबूत बढ़त दिलाई। सेतु ने दबाव के बीच संयम और बेहतरीन गति का परिचय देते हुए चीनी धावकों की चुनौती को विफल कर दिया। उनके दमदार प्रदर्शन से अंतिम धाविका निधि को बढ़त मिली, जिसे उन्होंने शानदार फिनिश के साथ बरकरार रखते हुए भारत को स्वर्ण पदक दिलाया। भारतीय टीम की इस उपलब्धि को एशियन अंडर–23 एथलेटिक्स चौंपियनशिप के इतिहास की बड़ी सफलता माना जा रहा है। सेतु मिश्रा के शानदार प्रदर्शन से बिहार में खुशी की लहर है। खेल प्रेमियों और विभिन्न संगठनों ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि उनकी यह उपलब्धि राज्य के युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बनेगी। इस स्वर्ण पदक के साथ भारतीय एथलेटिक्स को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक और बड़ी सफलता मिली है, वहीं बिहार की बेटी सेतु मिश्रा ने यह साबित कर दिया कि प्रतिभा और मेहनत के दम पर विश्व मंच पर भी परचम लहराया जा सकता है।

## नालंदा पुलिस में बड़ा फेरबदल: राजगीर, हिलसा समेत कई थानों के थानाध्यक्ष बदले, 7 अधिकारियों का तबादला




**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** नालंदा जिले की कानून–व्यवस्था को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन ने बड़े स्तर पर फेरबदल किया है। जिले के कई महत्वपूर्ण थ. ानों और अंचलों में 7 पुलिस अधिकारियों का तबादला करते हुए नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। जारी आदेश के अनुसार, हिलसा थाना के थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार को राजगीर थाना का नया थानाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं, हिलसा अंचल के पुलिस निरीक्षक चंद्रभानु को हिलसा थाना की कमान सौंपी गई है। बिहारशरीफ में प्रभारी स्पीडी ट्रायल के पद पर कार्यरत अमरदीप कुमार का तबादला कर उन्हें हिलसा अंचल का पुलिस निरीक्षक बनाया गया है। वहीं, साइबर थाना में तैनात जितेंद्र राम को प्रभारी स्पीडी ट्रायल, बिहारशरीफ की जिम्मेदारी दी गई है।अन्य तबादलों के तहत परवलपुर थाना के पूर्व थानाध्यक्ष संजीव कुमार को लहेरी थाना में पदस्थापित किया गया है। चेरो थाना के थानाध्यक्ष रौशन कुमार अब परवलपुर थाना के नए थानाध्यक्ष होंगे, जबकि लहेरी थाना में तैनात सर्वेश कुमार को चेरो थाना का नया थानाध्यक्ष बनाया गया है। पुलिस विभाग के इस प्रशासनिक फेरबदल को कानून–व्यवस्था को और प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। अधिकारियों का मानना है कि नई तैनातियों से पुलिसिंग व्यवस्था में तेजी आएगी और अपराध नियंत्रण के साथ आम लोगों को बेहतर पुलिस सेवा मिल सकेगी।

## खाद्यान्न वितरण में धीमी प्रगति पर डीएम नाराज

### 15 जुलाई तक शत–प्रतिशत सीएमआर जमा कराने का निर्देश




**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** जिला पदाधिकारी उदिता सिंह ने 8 जुलाई 2026 को समाहरणालय में जिला आपूर्ति टास्क फोर्स की बैठक कर सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) एवं खरीफ विपणन मौसम 2025–26 के तहत धान अधिप्राप्ति और सीएमआर (कस्टम मिल्ड राइस) की समीक्षा की। बैठक में खाद्यान्न उठाव, प्रेषण, उचित मूल्य की दुकानों का PDS Parakh App से निरीक्षण, ई–केवाईसी की प्रगति तथा सीएमआर जमा करने की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। समीक्षा के दौरान जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि जून 2026 में जिले को आवंटित खाद्यान्न का 97.93 प्रतिशत उठाव तथा राशन कार्डधारियों के बीच 90.70 प्रतिशत वितरण किया गया। वहीं जुलाई 2026 में बिहारशरीफ बाजार समिति, सिलाव, एकंगरसराय, अस्थावां, इस्लामपुर, हिलसा और चंडी स्थित सात टीपीडीएस गोदामों से खाद्यान्न का प्रेषण काफी धीमा रहा, जिसके कारण अब तक केवल 20.85 प्रतिशत खाद्यान्न का वितरण हो सका है। बैठक में बताया गया कि जिले में 92.72 प्रतिशत लाभुकों का ई–केवाईसी पूरा हो चुका है। हालांकि, PDS Parakh App के माध्यम से केवल 15.44 प्रतिशत उचित मूल्य दुकानों का निरीक्षण किया गया है। साथ ही विभागीय निर्देश के अनुसार प्रत्येक उचित मूल्य दुकान से कम–से–कम 250 राशन कार्ड टैग होना अनिवार्य है, लेकिन जिले की 251 दुकानों में यह लक्ष्य अभी पूरा नहीं हुआ है। जिला पदा. धिकारी ने ई–केवाईसी और जून माह के खाद्यान्न वितरण पर संतोष व्यक्त किया, लेकिन जुलाई में खाद्यान्न प्रेषण की धीमी गति और वितरण प्रतिशत कम रहने पर नाराजगी जताई। उन्होंने जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम को परिवहन–सह–हथालन एजेंसी की नियमित समीक्षा कर निर्धारित समय सीमा के भीतर शत–प्रतिशत खाद्यान्न का प्रेषण सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। वहीं जिला आपूर्ति पदाधिकारी को खाद्यान्न प्रेषण के बाद समय पर शत–प्रतिशत वितरण सुनिश्चित करने को कहा। बैठक के दौरान फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन के महामंत्री वरुण सिंह ने जनवितरण प्रणाली विक्रेताओं के मार्जिन मनी भुगतान तथा ई–पॉस मशीनों को 2जी से 4जी नेटवर्क में अपग्रेड करने की मांग उठाई। इस पर जिला पदाधिकारी ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को दोनों मामलों में विभाग से आवश्यक पत्राचार करने का निर्देश दिया। धान अधिप्राप्ति की समीक्षा में जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2025–26 में पैक्स एवं व्यापार मंडलों द्वारा किसानों से 1,32,967.46 मीट्रिक टन धान की खरीद की गई। इसके बदले 90,285.19 मीट्रिक टन सीएमआर राज्य खाद्य निगम को उपलब्ध कराया जाना है। अब तक 79,344.11 मीट्रिक टन (87.88 प्रतिशत) सीएमआर जमा किया जा चुका है, जबकि 10,941.08 मीट्रिक टन (करीब 377.27 लॉट) सीएमआर जमा होना अभी शेष है। इस पर जिला पदाधिकारी ने जिला प्रबंधक को प्रतिदिन लक्ष्य निध. ारित कर शेष सीएमआर की प्राप्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही तीनों अनुमंडल पदाधिकारियों और जिला आपूर्ति पदाधिकारी को निर्देशित किया कि जिन पैक्स के पास अभी सीएमआर लंबित है, उनकी लगातार समीक्षा करते हुए 15 जुलाई 2026 तक शत–प्रतिशत सीएमआर राज्य खाद्य निगम को हस्तांतरित कराना सुनिश्चित करें। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला प्रबंधक (राज्य खाद्य निगम), प्रबंध निदेशक (नालंदा सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक), पैक्स एसोसिएशन, राइस मिल एसोसिएशन तथा फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।




## सदानंद महाविद्यालय मेघि नगमा, दीपनगर को पुनः संचालित करने का निर्देश, क्षेत्र में खुशी की लहर

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ(बिहार)।** सदानंद महाविद्यालय, मेघि नगमा, दीपनगर को पुनः संचालित किए जाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हुई है। ग्रामीणों के लंबे समय से चले आ रहे प्रयासों के बाद बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार के प्रयास से बंद पड़े महाविद्यालय को फिर से शुरू करने की प्रक्रिया तेज हो गई है। उच्च शिक्षा निदेशक द्वारा कुलपति को आवश्यक निर्देश जारी करते हुए महाविद्यालय को पुनः चालू करने हेतू उचित कार्रवाई करने को कहा गया है। जिला में महाविद्यालय के पुनः प्रारंभ होने की खबर से आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों तथा बिहार प्रखंड के लोगों में खुशी का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कॉलेज के खुलने से क्षेत्र के छात्र–छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा और शिक्षा के क्षेत्र में नई संभावनाएं विकसित होंगी। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रदीप मुखिया, सचिव अरविंद कुमार, कोषाध्यक्ष अनुनय देवी तथा प्राचार्य रवि कुमार ने मंत्री श्रवण कुमार एवं उच्च शिक्षा विभाग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए जल्द से जल्द शैक्षणिक गतिविधियां शुरू होने की उम्मीद जताई है।





अपने क्षेत्र के खबर भेजने या विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें

7033325120,9931609015

# चेरो थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 1031.76 लीटर विदेशी शराब के साथ दो अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** चेरो थाना पुलिस ने गुरुवार तड़के बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतर्राज्यीय शराब तस्करी के एक बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश किया। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए झारखंड से पटना ले जाई जा रही 1031.76 लीटर विदेशी शराब बरामद की तथा दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि बिहार मद्यनिषेध एवं राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो, पटना से सूचना मिली थी कि पश्चिम बंगाल नंबर की एक महिंद्रा बोलेरो मैक्स पिकअप (डब्ल्यूबी–37ई–8285) से झारखंड से अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप चेरो के रास्ते पटना ले जाई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने द्वारिका बिगहा मोड़ के समीप नाकेबंदी कर सघन वाहन जांच शुरू की। जांच के दौरान संदिग्ध बोलेरो मैक्स पिकअप को रोकने का प्रयास किया गया। चालक और उपचालक वाहन छोड़कर भागने की कोशिश करने लगे, लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों को मौके पर ही दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान पश्चिम बंगाल के वर्द्धमान जिले के सलानपुर थाना क्षेत्र निवासी विपिन यादव (20 वर्ष) और अखिलेश यादव




(22 वर्ष) के रूप में हुई। वाहन की तलाशी लेने पर ब्लू तिरपाल और कुंदरी (सब्जी) के नीचे छिपाकर रखे गए रॉयल स्टेज ब्रांड के 115 कार्टन में कुल 2976 बोतल (1031.76 लीटर) विदेशी शराब बरामद हुई। पुलिस ने शराब के अलावा बोलेरो मैक्स पिकअप और दो मोबाइल फोन भी जब्त कर लिए। पुलिस के अनुसार दोनों गिरफ्तार आरोपी अंतर्राज्यीय शराब तस्कर हैं। इनके आपराधिक इतिहास का सत्यापन किया जा रहा है। इस संबंध में चेरो थाना कांड संख्या 318/26 के तहत बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम, 2022 की संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार दोनों आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है।छापेमारी टीम में थानाध्यक्ष रौशन कुमार, सहायक अवर निरीक्षक मृत्युंजय कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक योगेंद्र राम, सहायक अवर निरीक्षक राम नरेश सिंह तथा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# हरनौत के एससी–एसटी शिक्षक समूह ने नवपदस्थापित जिला शिक्षा पदाधिकारी का किया भव्य स्वागत, शिक्षा व्यवस्था पर हुई चर्चा



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के एससी–एसटी शिक्षक समूह के दर्जनों शिक्षकों ने नवपदस्थापित जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) हेमचंद्र का बिहारशरीफ स्थित उनके कार्यालय में पहुंचकर गर्मजोशी से स्वागत एवं अभिनंदन किया। शिक्षकों ने उन्हें पुष्पमाला, बुके, अंगवस्त्र, डायरी एवं कलम भेंट कर नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। यह स्वागत कार्यक्रम उत्क्रमित मध्य विद्यालय, सबनाहुआ के प्रधानाध्यापक राजाराम पासवान के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस दौरान शिक्षकों ने जिला शिक्षा पदाधिकारी से शिष्टाचार मुलाकात करते हुए शिक्षा व्यवस्था से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और शिक्षकों की आवश्यकताओं से भी उन्हें अवगत कराया। प्रधानाध्यापक राज. ाराम पासवान ने बताया कि हेमचंद्र का दूसरी बार नालंदा जिले में आगमन शिक्षकों के लिए खुशी और विश्वास का विषय है। उन्होंने कहा कि हेमचंद्र ने अपने प्रशासनिक कार्यकाल की शुरुआत नालंदा में कार्यक्रम पदाधिकारी के रूप में की थी और उस समय भी उनका शिक्षकों के प्रति व्यवहार सकारात्मक एवं सहयोगात्मक रहा था। उन्होंने उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में जिले की शिक्षा व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी तथा शिक्षकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान होगा। मुलाकात के दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी हेमचंद्र ने भी शिक्षकों की बातों को गंभीरता से सुना और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए सभी के सहयोग से कार्य करने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर एससी–एसटी शिक्षक संघ के जिला सचिव रणजीत कुमार, मध्य विद्यालय दैली के प्रधानाध्यापक विरिंद पासवान, कृष्णा पासवान, कामेश्वर सर सहित हरनौत प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के दर्जनों शिक्षक उपस्थित रहे।




# खरुआरा रेलवे हॉल्ट से 14.6 लीटर शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत के चेरो ओपी थाना पुलिस ने अवैध शराब कारोबार के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के खरुआरा रेलवे हॉल्ट के पास से खरुआरा गांव निवासी रामजतन मांझी के पुत्र मिथुन मांझी को 14.6 लीटर देशी चुलाई हुई शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। थाना अध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि पुलिस को बीती शाम को गुप्त सूचना मिली कि एक व्यक्ति शराब लेकर शराब बेचने की फिराक में था। सूचना मिलते हैं मौके पर पहुंचकर पुलिस ने उन्हें शराब के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि नालंदा पुलिस अधीक्षक भारत सोने के निर्देश पर जिले में अभय शराब के निर्माण बिक्री और तस्करी के खिलाफ लगातार विशेष छापेमारी चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले एक महीने के अंदर दर्जनों शराब कारोबारी के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेजा जा चुका है।

# टाडापर गांव से 7 लीटर शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत के कल्याण बीघा थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र से शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। कल्याण बाजार थाना अध्यक्ष निशा भारती ने गुरुवार को बताया कि अवैध शराब के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाकर थाना क्षेत्र के टाडापर गांव से 7 लीटर देशी चुलाई हुई शराब के साथ चतुर बिंद के पुत्र मारुति बिंद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि शराब को घर के पास छुपा कर बेचने के लिए रखे हुए थे। इस दौरान कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि अवैध शराब के विरुद्ध आगे भी नियंत्रण कार.ʼवाई जारी रहेगी।



# जनता दरबार में डीएम ने सुनीं 32 फरियादियों की समस्याएं, अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश

**केशववाणी कुमार अभिषेक की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** जिलाधिकारी उदिता सिंह ने गुरुवार को आयोजित साप्ताहिक जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए 32 आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने सभी मामलों के त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जनता दरबार में पशुपालन, भूमि विवाद, अतिक्रमण, धोखाधड़ी, फर्जी रसीद, आम रास्ता, नगर निगम, सीएनजी कनेक्शन एवं राशन कार्ड से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रूप से सामने आईं। एक आवेदक द्वारा गौपालन से संबंधित समस्या उठाए जाने पर जिलाधिकारी ने जिला गव्य विकास पदाधिकारी को शीघ्र कार्रवाई का निर्देश दिया। सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की शिकायत पर अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, हिलसा को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। जमीन देने के नाम पर कथित धोखाधड़ी की शिकायत की जांच एवं निष्पादन के लिए अनुमंडल पदाधिकारी, बिहारशरीफ को जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं भूमि से संबंधित फर्जी रसीद निरस्त करने के मामले में अपर समाहर्ता, नालंदा को कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।



आम रास्ता अवरुद्ध किए जाने की शिकायत पर अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदा. धिकारी, बिहारशरीफ को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। छठ घाट पर नाला निर्माण से संबंधित शिकायत के समाधान के लिए नगर आयुक्त, नगर निगम, बिहारशरीफ को निर्देशित किया गया। इसके अलावा तीन महीने बीत जाने के बाद भी सीएनजी कनेक्शन नहीं मिलने तथा राशन कार्ड को पुनः चालू कराने से संबंधित मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए जिला आपूर्ति पदाधिकारी, नालंदा को आवश्यक निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त जनता दरबार में प्राप्त अन्य सभी आवेदनों को भी संबंधित विभागों को भेजते हुए जिलाधिकारी ने समयबद्ध एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।




# विश्वकर्मा मोड़ से वीर कुंवर सिंह चौक तक पीसीसी सड़क निर्माण कार्य की रफ्तार तेज, 50 फिसदी निर्माण कार्य पूर्ण



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत(नालंदा)।** नालंदा जिला के हरनौत नगर पंचायत क्षेत्र के विश्वकर्मा मोड़ से लेकर वीर कुंवर सिंह चौक तक 1.2 किलोमीटर लंबी पीसीसी सड़क का निर्माण कार्य ग्रामीण कार्य विभाग(कार्य हरनौत प्रमंडल) के देखरेख में जोर–जोर से किया जा है। हालांकि इस सड़क में विश्वकर्मा मोड़ की तरफ से पहले भी कार्य भी शुरू किया गया था।अब छुटे हुए पीसीसी सड़क का कार्य पुनः शुरू कर दिया गया है। मानसून दस्तक दे चुका है अगर सड़क पूर्ण नहीं होती तो लोगों को आवागमन करने में पैदल भी चलना दुर्लभ हो सकता था। वहीं हरनौत नगर पंचायत के उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सह समाजसेवी सुरेश सिंह ने बताया कि पहले यह सड़क जर्जर थी।उन्होंने कहा कि अब यह सड़क बनने से लोगों को आवागमन करने में काफी सुविधा होगी।कहा यह भले हीं यह छोटी सड़क(विश्वकर्मा मोड़ से लेकर वीर कुंवर सिंह चौक तक) है मगर इस रास्ते से होकर आम जनता से लेकर अफ़सर तक हर रोज आते–जाते हैं। जिसमें आदर्श थाना हरनौत,नगर पंचायत कार्यालय, नपं के आधार केंद्र ,प्रखंड सह अंचल मुख्यालय स्थित विभिन्न कार्यालय, राज्य खाद्य निगम गोदाम, पैक्स गोदाम, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय,+2 हाई स्कूल, आदर्श मध्य विद्यालय, फुटबॉल स्टेडियम ,वन विभाग के अस्थाई नर्सरी, जीवीका सीएलएफ आदि कार्यालय में आने–जाने के लिए लिंक रोड है। जहां अफ़सर से लेकर आमलोग अपनी–अपनी काम से आते–जाते हैं। इसके साथ ही गर्भवती महिला एवं बिमार को अस्पताल ले जाने में आसान हा. `गी।इसके साथ ही बच्चे स्कूल तथा मजदूर कम टाइम में इस रास्ते से आयेंगे–जाएंगे।अब बारिश में साफ–सुथरी सड़क रहेगी।उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सह समाजसेवी श्री सिंह ने कहा कि निर्माणधीन सड़क के दोनों किनारे (गैप वाली जगह) में मिट्टी,बालू आदि भरकर फ्लाई ऐश ब्रिक नपं हरनौत के द्वारा बिछाया जाएगा।ताकि जलजमाव वाली जगहों पर मजबूत और टिकाऊ सड़क मिल सके। वहीं ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रशाखा–2 के कनिय अभियंता (जेई) कुमुद शेखर प्रसाद ने बताया कि तकरिबन 50 फिसदी कार्य पूर्ण कर लिया गया है।बाकि अधुरे कार्य को किया जा रहा है. ।इसके लिए प्राक्कलित राशि 58.241 लाख रुपए है। उन्होंने कहा कि इस योजना में 7 साल तक मेंटेनेंस करने का कार्य भी शामिल है।

# मोरा तालाब ओवरब्रिज पर एक अज्ञात युवक जख्मी अवस्था में मिला, अस्पताल में हुई मौत



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत(नालंदा)।** भागन बीघा थाना क्षेत्र स्थित मोरा तालाब ओवरब्रिज पर एक अज्ञात युवक गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिला। ग्रामीणों की सूचना पर भागन बीघा थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और युवक को इलाज के लिए बिहारशरीफ सदर (मॉडल) अस्पताल भेजा, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। थाना अध्यक्ष राजकुमार चौधरी ने बताया कि मृतक की उम्र लगभग 30 वर्ष प्रतीत होती है, लेकिन उसकी पहचान अब तक नहीं हो सकी है। तलाशी के दौरान उसके पास से केवल एक खैनी का पाउच मिला। पुलिस ने शव को पहचान के लिए 72 घंटे तक सुरक्षित रखने का निर्णय लिया है। थाना अध्यक्ष ने आम लोगों से अपील की है कि यदि किसी परिवार का कोई युवक लापता है या कोई व्यक्ति मृतक की पहचान कर सकता है, तो भागन बीघा थाना से संपर्क करें। पुलिस मामले की जांच कर रही है और हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है।



# राजगीर के प्राकृतिक जलस्रोतों के सूखने पर जिला अधिकारी सख्त; उच्च स्तरीय कमेटी करेगी शोध, अवैध बोरिंग पर तत्काल रोक

## ब्रह्मकुंड परिसर विकास कार्य के दौरान मिली ऐतिहासिक पुरावशेष; तथ्यों की शोध के लिए प्रशासन ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को लिखा पत्र

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट, बिहारशरीफ (नालंदा)।** समीक्षा बैठक के उपरांत जिला अधिकारी (नालंदा) महोदया द्वारा राजगीर स्थित ऐतिहासिक एवं पवित्र ब्रह्मकुंड परिसर का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने परिसर में चल रहे विकास कार्यों (जनेऊ भवन के शिलान्यास/फाउंडेशन कार्य) की प्रगति का जायजा लिया तथा प्राकृतिक जलधाराओं के संरक्षण को लेकर कई कड़े निर्देश जारी किए।

**विकास कार्य के दौरान मिले ऐतिहासिक पुरावशेष; भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण करेगी शोध**

निरीक्षण के दौरान जिला अधिकारी को अवगत कराया गया कि ब्रह्मकुंड परिसर में जनेऊ भवन के फाउंडेशन कार्य (सॉफ्ट निर्माण कार्य) के लिए की जा रही खुदाई के दौरान कुछ प्राचीन पुरावशेष प्राप्त हुए हैं, जिनका अत्यधिक ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्व हो सकता है। इस मामले को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन द्वारा तत्काल भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को एक आधिकारिक सूचित किया जाएगा, ताकि प्राप्त पुरावशेषों की प्राचीनता और ऐतिहासिक तथ्यों की सत्यता की सटीक शोध की जा सके।

**पुरातत्व विभाग के निर्णय पर निर्भर करेगा आगे का कार्य**

जिला अधिकारी महोदया ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि यदि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की शोध में इस स्थल का पुरातात्विक या ऐतिहासिक महत्व प्रमाणित होता है, तो संबंधित नियम–कायदों के तहत इस पूरे क्षेत्र को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को सौंप दिया जाएगा। वहीं, यदि शोध में ऐसी कोई पुष्टि नहीं होती है, तो परिसर का निर्धारित विकास प्रोजेक्ट पूर्व की भांति सुचारू रूप से जारी रहेगा। दौरे के क्रम में स्थानीय प्रबुद्ध नागरिकों और जागरूक सामाजिक समूहों ने जिला अधिकारी महोदया को यह भी अवगत कराया कि जो प्राकृतिक जलधाराएं पूर्व में साल के बारह महीने अविरल प्रवाहित होती थीं, उनमें से कई अब सूख चुकी हैं। स्थानीय लोगों द्वारा इसका मुख्य कारण आस–पास के क्षेत्रों में अत्यधिक और अंधाधुंध निजी बोरिंग होना बताया गया, जिससे भूगर्भ जल का अत्यधिक दोहन हो रहा है।



**विशेषज्ञों द्वारा शोध कराने पर निर्णय**

राजगीर के इन ऐतिहासिक एवं पवित्र जलस्रोतों के धीमा होने की समस्या के स्थाई समाधान के लिए एक उच्च स्तरीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया जाएगा, जो इसके वैज्ञानिक कारणों पर शोध करेगी। इसके साथ ही, धरातल पर त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करेगी। अवैध बोरिंग पर तत्काल रोक– जिला अधिकारी महोदया ने नगर आयुक्त को कड़े लहजे में निर्देशित किया कि कुंडों के आस–पास के क्षेत्रों में हो रहे सभी अवैध बोरिंग पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए और उल्लंघन करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।



# राजकीय डिग्री महाविद्यालय, राजगीर में स्वास्थ्य एवं कल्याण एवं स्वयंसेवा अभिमुखीकरण कार्यक्रम का सफल आयोजन




**केशववाणी संजीव कुमार बिट्टु की रिपोर्ट, बिहारशरीफ (नालंदा)।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार राजकीय डिग्री महाविद्यालय, राजगीर में 2 जुलाई से 8 जुलाई 2026 तक एबिलिटी एन्हांसमेंट कोर्स (एईसी–4) स्वास्थ्य एवं कल्याण एवं स्वयंसेवा अभिमुखीकरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।यह कार्यक्रम का प्रशिक्षण के लिए विद्यार्थियों से किसी भी तरह का शुल्क नहीं लिया गया । चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम के चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए आयोजित इस साप्ताहिक कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में बेहतर स्वास्थ्य से संबंधित शारीरिक फिटनेस, मानसिक एवं भावनात्मक संतुलन, पोषण, स्वच्छता तथा स्वयंसेवा की भावना का विकास करना था। कार्यक्रम के प्रथम दिवस ओरिएंटेशन सत्र के तहत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आनंद प्रकाश गुप्ता ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को निर्धारित 30 घंटे के अंतर्गत बेहतर स्वास्थ्य , स्वयंसेवा कार्यक्रम की रूपरेखा एवं उद्देश्यों से परिचित कराया गया। द्वितीय दिवस पर स्वास्थ्य एवं कल्याण के विभिन्न आयामों–शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक एवं सामाजिक स्वास्थ्य–पर विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान दिए गए तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। तृतीय दिवस शारीरिक स्वास्थ्य एवं फिटनेस गतिविधियों को समर्पित रहा, जिसमें स्ट्रेचिंग, दौड़, खेलकूद एवं रेड रन–2026 का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। चतुर्थ दिवस योग, प्राणायाम एवं ध्यान सत्रों के माध्यम से तनाव प्रबंधन, मानसिक स्वास्थ्य, एकाग्रता एवं सकारात्मक जीवनशैली पर विशेष बल दिया गया। पंचम दिवस पोषण, स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण विषयक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर प्रसिद्ध लोक कलाकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता भैया अजीत (अजीत कुमार सिंह) ने अपने प्रेरक संबोधन एवं लोकगीतों के माध्यम से स्वच्छता, जन. स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। साथ ही विद्यार्थियों के लिए व्यक्तिगत परामर्श (काउंसलिंग) सत्र आयोजित किए गए, जिनमें उनकी शैक्षणिक, व्यक्तिगत एवं करियर संबंधी जिज्ञासाओं का समाधान किया गया।समापन दिवस पर विद्यार्थियों द्वारा समूह प्रस्तुतियाँ दी गईं तथा विभिन्न विशेषज्ञों ने स्वास्थ्य, पोषण, फिटनेस एवं मानसिक स्वास्थ्य पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम के दौरान आयोजित रेड रनदृ2026 के विजेताओं को सम्मानित किया गया। प्राचार्य ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, नियमित स्वयंसेवा गतिविधियों में भाग लेने तथा समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों के लिए फीडबैक सेशन का भी आयोजन किया गया। तत् पश्चात धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का सफल समापन किया गया। पूरे सप्ताह के अंतर्गत आयोजित विभिन्न गतिविधियों में विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय परिवार की उत्साहपूर्ण सहभागिता ने कार्यक्रम को अत्यंत सफल एवं सार्थक बनाया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में कार्यक्रम संयोजक सह नोडल पदाधिकारी मिस पिंकी आर्य एन,ई.पी. समन्वयक डॉ सोमेन पायरा, खेल पदाधिकारी डॉ गौतम कुमार , डॉ शारदा कुमारी समन्वयक कला व संस्कृति, डॉ धीरेन्द्र उपाध्याय ,डॉ रूपम शर्मा, डॉ अमर कुमार, डॉ अपराजिता राज, डॉ कुमार सोनू शंकर एवं अन्य शिक्षक गण ने अपनी महत्ती योगदान दिया।

# श्रावणी मेला–2026 की तैयारियों की डीएम ने की समीक्षा, राजगीर में विकास कार्यों का लिया जायजा

**केशववाणी गुड्डू कुमार की रिपोर्ट, राजगीर (नालंदा)।** जिला पदाधिकारी उदिता सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को राजगीर परिसदन में श्रावणी मेला–2026 की तैयारियों एवं राजगीर में चल रही विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मेला की तैयारियों, श्रद्धालुओं की सुविधाओं तथा विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान जिला पदाधिकारी ने सुरक्षा व्यवस्था, स्वच्छता, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि श्रावणी मेला शुरू होने से पहले सभी तैयारियां समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरी कर ली जाएं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक के बाद जिलाधिकारी ने ब्रह्मकुंड, जरासंध अखाड़ा, आर्ट गैलरी तथा संस्कृत सक्षम उत्पाद समूह का स्थल निरीक्षण किया। ब्रह्मकुंड में उन्होंने स्नान घाट, साफ–सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा एवं श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। जरासंध अखाड़ा में परिसर के सौंदर्यीकरण तथा पर्यटकों के लिए विकसित की जा रही सुविधाओं की समीक्षा की। इसके बाद आर्ट गैलरी का निरीक्षण करते हुए उन्होंने स्थानीय कला, संस्कृति और विरासत के संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी ली तथा पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया। वहीं संस्कृत सक्षम उत्पाद समूह के निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्थानीय हस्तशिल्प एवं उत्पादों के निर्माण, प्रदर्शन और विपणन व्यवस्था की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित करने और उन्हें व्यापक बाजार उपलब्ध कराने



की दिशा में प्रभावी पहल करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी उदिता सिंह ने कहा कि श्रावणी मेला–2026 का सफल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित आयोजन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा प्रत्येक व्यवस्था की नियमित निगरानी सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी विकास कार्यों एवं मेला संबंधी तैयारियों को निर्धारित समय–सीमा के भीतर पूरा करने का निर्देश दिया। बैठक एवं निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी राजगीर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजगीर, नजारत उप समाहर्ता, विशेष कार्य पदाधिकारी (गोपनीय शाखा) सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



BP
Shri Sai
Mob:- 7033325120
Brotherhood Properties Pvt Ltd
जमीन | मकान | दुकान | खरीद | बिक्री | निवेश | किराया
Pillar no-26, Ranchi Road Bihar Sharif Naanda 803101

भारत के टॉप प्राइवेट यूनिवर्सिटी में शिक्षा के लिए करें आवेदन
अपने करियर को दे नई उड़ान......
1. यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त
2. बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड की सुविधा उपलब्ध
ENGINEERING | MEDICAL | MANAGEMENT | B.Ed
PHARMACY | AGRICULTURE | B.Sc NURSSING
COMPUTER APPLICATION | B.Sc, B.Com, B.A. M.Sc.
M.Com, M.A., PHd | आवेदन के लिए संपर्क करें
& OTHER COURSES | अमर वर्मा
संपर्क :- 8210335159
ग्राम देवधा निकट पावापुरी रोड, स्टेशन, बिहार शरीफ (नालन्दा)